**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PEROIODIC TEST- III (2017-18)**
**No. of printed pages-4**

**विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)**

दिनांक : **09 -01-2018** पूर्णांक : **80**

कक्षा : **X** समय : **3 घण्टे**

**निर्देश : 1** इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं- **क, ख, ग** और **घ**।
**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।
**3** यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

## (खण्ड- क) (अपठित बोध)

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

यह पितृ-गाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव-गान करना है, बल्कि मैं तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन-सी खूबियाँ और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व के ताने-बाने में गुँथी हुई हैं या कि अनजाने-अनचाहे किए गए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रंथियों को जन्म दे दिया।मै काली हूँ।बचपन में दुबली और मरियल भी थी।गोरा रंग पिता जी की कमज़ोरी थी सो बचपन में मुझसे दो साल बड़ी, खूब गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहन सुशीला से हर बात में तुलना और फिर उसकी प्रशंसा ने ही मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन-भाव की ग्रंथी पैदा कर दी कि नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मैं उससे उबर नहीं पाई? आज भी परिचय करवाते समय जब कोई कुछ विशेषता लगाकर लेखकीय उपलब्धियों का ज़िक्र करने लगता है तो मैं संकोच से सिमट ही नहीं जाती बल्कि गड़ने-गड़ने को हो आती हूँ।शायद अचेतन की किसी पर्त के नीचे दबी इसी हीन-भावना के चलते मैं अपनी किसी भी उपलब्धि पर भरोसा नहीं कर पाती, सब कुछ मुझे तुक्का ही लगता है।पिताजी के जिस शक्की स्वभाव पर मैं कभी भन्ना-भन्ना जाती थी, आज एकाएक अपने खंडित विश्वासों की व्यथा के नीचे मुझे उनके शक्की स्वभाव की झलक ही दिखाई देती है।बहुत 'अपनों' के हाथों विश्वासघात की गहरी व्यथा से उपजा शक।होश सँभालने के बाद से ही जिन पिता जी से किसी-न-किसी बात पर मेरी टक्कर ही चलती रही, वे तो न जाने कितने रूपों में मुझमें हैं कहीं कुठांओं के रूप में, कहीं प्रतिक्रिया के रूप में तो कहीं प्रतिच्छाया के रूप में।केवल बाहरी भिन्नता के आधार पर अपनी परंपरा और पीढ़ियों को नकारने वालों को क्या सचमुच इस बात का बिलकुल एहसास नहीं होता कि उनका आसन्न अतीत किस कदर उनके भीतर जड़ जमाए बैठा रहता है! समय का प्रवाह भले ही हमें दूसरी दिशाओं मे बहाकर ले जाए, स्थितियों का दवाव भले ही हमारा रूप बदल दे, हमें पूरी तरह उससे मुक्त तो नहीं कर सकता!

प्रश्न (i) लेखिका के भीतर हीन-भावना क्यों उत्पन्न हुई? **2**

प्रश्न (ii) हीन-भावना का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा? **2**

प्रश्न (iii) लेखिका के पिता लेखिका में किन-किन रूपों में स्थित हैं? **2**

प्रश्न (iv) लेखिका के प्रति पिता का व्यवहार कैसा था? कारण सहित बताइए। **2**

प्रश्न (v) लेखिका ने किस कार्य से प्रतिष्ठा प्राप्त की थी? **1**

**P.T.O.**

**प्रश्न 2- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

साँझ-सकारे चंदा-सूरज करते जिसकी आरती
उस मिट्टी में मन का सोना घोल दो-
ग्रह-नक्षत्रो! भारत की जय बोल दो।
वह माली है, वह खुशबू है, हम चमन हैं,
वह मंदिर है, वह मूरत है, हम नमन हैं,
छाया है माथे पर आशीर्वाद-सा,
वह संस्कृतियों के मीठे संवाद-सा,
उसकी देहरी अपना माथा टेककर
हम उन्नत होते हैं उसको देखकर।
ऋतुओ! उसको नित नूतन परिधान दो,
झुलस रही है धरती, सावन दान दो।

सरल नहीं परिवर्तन में ढालना
हर पत्थर से भागीरथी निकालना
हम अनेकता में भी तो हैं एक ही,
हर संकट में जीता सदैव विवेक ही
कृति, आकृति, संस्कृति, भाषा के वास्ते
बने हुए हैं मिलते-जुलते रास्ते।
आस्थाओं की टकराहट से लाभ क्या?
मंज़िल को हम देंगे भला जवाब क्या?
एक हार में गूँथे मणि-मणिक हैं हम-
बिखरे फूलों को भी इसमें जोड़ दो,
ग्रह-नक्षत्रो! भारत की जय बोल दो।

प्रश्न (क) चाँद और सूरज कब और किसकी आरती करते हैं? **2**

प्रश्न (ख) मिलती-जुलती राहें किनके लिए बनी हुईं हैं? **2**

प्रश्न (ग) ऋतुओं से क्या निवेदन किया गया है? **2**

## (खण्ड- ख) ( **व्यावहारिक व्याकरण**)

**प्रश्न 3 -** (क) शब्द छाँटकर लिखिए : **1**

उपवन, मैंने , भाषा के, ध्वनि

(ख) रेखांकित का पद-भेद लिखिए – मेरे घर <u>के सामने</u> नीम का एक पेड़ है। **1**

**प्रश्न 4 -** (क) निम्न समासों का विग्रह करके भेद लिखिए : **2**

बेचैन, वीणापाणि

(ख) समस्तपद बनाकर भेद लिखिए : **2**

पुष्पों की अंजलि , नव है जो आगंतुक

**प्रश्न 5 -** (क) निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए । **(रचना के आधार पर)** **1**

(i) आप जो कुछ कहते हैं, सच है।

(ii) मनोरमा और राधा ने मंच पर नृत्य प्रस्तुत किया।

(ख) वाक्य परिवर्तित कीजिए : **2**

(i) यह भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। **(सरल वाक्य में)**

(ii) कम आय वालों को सोच-समझकर व्यय करना चाहिए। **(मिश्र वाक्य में)**

**प्रश्न 6 -** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **4**

(क) मुझसे व्यर्थ बेकार की बातें मत करो।

(ख) सदा झूठ बोलना, उसका आदत था।

(ग) अपने विदेश से आए मित्र को पत्र लिखिए।

(घ) सब अपने मान और समान के लिए जीते हैं।

**प्रश्न 7 -** (क) उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरिए: **1**

विद्रोहियों में बदला लेने की भावना ______ है।

(ख) दिए गए मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए: **1**

रँगे हाथ पकड़ना

## (खण्ड- ग) (पाठ्य - पुस्तक)

**प्रश्न 8 - पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) इस प्रकार मरियल-सा कुत्ता मास्को या पीटर्सवर्ग में दिख जाने पर उसके परिणाम के बारे में ओचुमेलॉव ने क्या कहा? **1**

(ख) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ? **2**

(ग) 'झेन की देन' पाठ में मानसिक रोग के क्या-क्या कारण बताए गए हैं? **2**

**प्रश्न 9 -** बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को घमंड न करने की सीख देते हुए कौन-कौनसे तर्क प्रस्तुत किए? **5**

**अथवा**

कर्नल के अनुसार सआदत अली और वज़ीर अली दोनों कैसे व्यक्ति थे?

**प्रश्न 10 -पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) कवयित्री आस्था रूपी दीपक से मोम की तरह बनकर जीवन-अणु गलाने के लिए क्यों कहती हैं? **2**

(ख) मनुष्य में अहंकार कब नष्ट होता है? ' साखी ' के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। **2**

(ग) 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर बताइए कि सांत्वना नहीं मिलने पर कवि ईश्वर से क्या प्रार्थना करता है? **1**

**प्रश्न 11-** घायल अवस्था में बलिदानी सैनिकों की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताइए कि उनकी देशवासियों से क्या-क्या अपेक्षाएँ हैं? **5**

**अथवा**

' मनुष्यता ' कविता के आधार पर महापुरुषों के उदाहरण देते हुए मनुष्यता को परिभाषित कीजिए।

**प्रश्न 12 -** एक ही कक्षा में दो-दो बार बैठने पर टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा? मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। **5**

**अथवा**

' वर्तमान युग में रिश्तों की मर्यादा नष्ट हो गई है और वृद्धों के प्रति परिवार के सदस्यों का व्यवहार बदल गया है।' इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**P.T.O.**

## (खण्ड- घ) ( लेखन)

**प्रश्न 13 -** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80** से **100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) बेरोज़गारी

(i) बेरोज़गारी का स्वरूप

(ii) बेरोज़गारी के प्रमुख कारण

(iii) बेरोज़गारी समस्या का समाधान

(ख) दिल्ली में छाया ज़हरीला धुआँ

(i) ज़हरीले धुएँ का तात्पर्य

(ii) कारण व समस्याएँ

(iii) इससे बचने के उपाय

(ग) महानगरीय जीवन

(i) आज का महानगरीय जीवन

(ii) सुविधाएँ

(iii) समस्याएँ

**प्रश्न 14-** दूरदर्शन के निदेशक को एक पत्र लिखकर राष्ट्रीय एकता संबंधी अच्छे कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए निवेदन कीजिए। **5**

**अथवा**

आपके विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसका विवरण देते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 15-** विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा **25** से **30** शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए जिसमें विद्यालय द्वारा कमज़ोर विद्यार्थियों के लिए शीतकालीन अवकाश में प्रत्येक विषय की अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन की जानकारी दी गई हो। **5**

**अथवा**

थानाध्यक्ष द्वारा **25** से **30** शब्दों में सूचना जारी कीजिए जिसमें प्रत्येक नागरिक को यह जानकारी दी गई हो कि लावारिस वस्तुएँ मिलने पर उनसे दूर रहें और पुलिस को सूचित करें।

**प्रश्न 16-** सत्य बोलने के महत्त्व को समझाते हुए पिता और पुत्र के बीच लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए। **5**

**अथवा**

शहर में दिनदहाड़े चोरी की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए एक ज़िम्मेदार नागरिक और पत्रकार के मध्य लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए।

**प्रश्न 17-** एक सामाजिक संस्था द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके प्रचार हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

नवीन नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के प्रचार हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।